उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल)

डिप्लोमा इन एलीमैन्टरी एजूकेशन (डी0एल0एड0) प्रशिक्षण प्रवेश परीक्षा–2014

विज्ञापन संख्याः उ0वि0शि0प0/डी0एल0एड0/ 01 /2013–14 दिनांक 17 फरवरी, 2014

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–1080(i)/xxiv(1)/2013/11/2005 वाल्यूम–II दिनांक 13 नवम्बर, 2013 के अनुपालन में उत्तराखण्ड राज्य के सभी 13 जनपदों के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (DIETs)/जिला संसाधन केन्द्रों (DRCs) में वर्ष 2014 से प्रारम्भ होने वाले स्ववित्तपोषित द्विवर्षीय डिप्लोमा इन एलीमैन्टरी एजूकेशन (डी0एल0एड0) प्रशिक्षण हेतु चयन के लिए उत्तराखण्ड राज्य के पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

पात्रता की शर्तें–

1. अभ्यर्थी उत्तराखण्ड राज्य का मूल/स्थायी निवासी हो तथा इस विज्ञापन में आवेदन की अन्तिम तिथि तक राज्य में स्थित किसी सेवायोजन कार्यालय में अनिवार्य रूप से पंजीकृत/नवीनीकृत हो।
2. अभ्यर्थी की आयु 01 जुलाई, 2014 को 19 वर्ष से कम तथा 30 वर्ष से अधिक न हो। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को शासनादेश के अनुरूप अधिकतम आयु में छूट प्रदान की जायेगी। न्यूनतम आयु सीमा में किसी प्रकार की छूट देय नहीं होगी।
3. अभ्यर्थी ने इस विज्ञप्ति के जारी होने से पूर्व भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो।

चयन प्रक्रिया– अभ्यर्थी द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के अपने गृह जनपद में स्थित जिला शिक्षा एवम् प्रशिक्षण संस्थान से दो वर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन किया जा सकेगा। प्रशिक्षण हेतु चयन के लिए उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर द्वारा राज्य के सभी 13 जनपदों के निर्धारित केन्द्रों में माह जुलाई के द्वितीय सप्ताह में एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। दो वर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों का चयन प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा के प्राप्त अंकों की मैरिट के आधार पर किया जायेगा।

आवेदन पत्र प्राप्ति, शुल्क व प्रेषण– डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन पत्र राज्य के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों से निर्धारित शुल्क (सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये रु0 500, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये रु0 250 एवम् सभी वर्गो के निःशक्त व्यक्तियों के लिये रु0 125 मात्र) के भुगतान पर दिनांक 15 मार्च से 10 अप्रैल, 2014 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। पूरित ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट से सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) के पते पर इस प्रकार प्रेषित करेंगे कि प्रत्येक दशा में आवेदन पत्र अन्तिम तिथि 15 अप्रैल, 2014, सांय 5 बजे तक कार्यालय में प्राप्त हो जाय। साधारण डाक/कोरियर/दस्ती आवेदन पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं होंगे। अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के साथ विवरणिका में उपलब्ध है। परिषद् की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in पर भी दि0 15 मार्च, 2014 से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

17/2/2014

(डॉ0 डी0के0 मथेला)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।